दैनिक **न्याय साक्षी**

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, मंगलवार 21 दिसंबर 2021

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# सुनहरा विजय सफर

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और दमन की सत्ता के अंत के पचास साल पूरा होना जहां दोनों देशों के गहरे होते रिश्तों का परिचायक है, वहीं भारतीय सेना की सुनहरी कामयाबी का गौरवशाली स्मरण भी है। यह मौका पाकिस्तान की क्रूरता का शिकार हुए लाखों स्वतंत्रता के आकांक्षियों व शहादत देने वाले भारतीय वीरों के पुण्य स्मरण का भी है। इन्हीं वीरों के साहस व बलिदान से द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी संख्या करीब 93000 आततायी पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। यही वजह है कि इस समर्पण दिवस को आधिकारिक स्वतंत्रता दिवस के चलते बांग्लादेश का मुक्ति दिवस कहा जाता है, जिसने इस साल पचास वर्ष पूरे किये। गुरुवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धांजलि दी। पचासवें विजय दिवस के मौके पर चार स्वर्णिम विजय मशालों को युद्ध स्मारक में प्रज्वलित अमर जवान ज्योति में समाहित किया गया। दरअसल, पिछली 16 दिसंबर को प्रधानमंत्री ने इन चार स्वर्णिम विजय मशालों को प्रज्वलित किया था, जिन्हें सियाचिन से कन्याकुमारी, अंडमान निकोबार से लोंगेवाल, रण के कच्छ से अगरतला तक ले जाया गया। इसमें वर्ष 1971 के युद्ध के परमवीर चक्र और महावीर चक्र विजेता सैनिकों के गांव भी शामिल थे। दमनकारी ताकतों को हराने वाले भारतीय सैनिकों को इस मौके पर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं भारत व बांग्लादेश के रिश्तों को महत्व देते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द बांग्लादेश की आजादी की स्वर्ण जयंती व बंग बंधु शेख मुजीबुर्रहमान के जन्म शताब्दी के मौके पर बांग्लादेश की तीन दिवसीय यात्रा पर गये। वे स्वर्ण जयंती कार्यक्रम के एकमात्र 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में उपस्थित रहे। इस परेड में भारतीय सशस्त्र बलों के 122 सदस्यीय त्रि-सेवा दल ने भाग लिया। लेकिन शहीदों की याद में हुआ यह कार्यक्रम सियासी रंग से अछूता नहीं रह सका। राहुल गांधी ने कार्यक्रम को लेकर सवाल उठाये कि 1971 की जंग जीतने के कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम नहीं लिया गया, जो कि इस संग्राम की सूत्रधार थीं।

बहरहाल, कृतज्ञ राष्ट्र ने स्वर्णिम दिवस के मौके पर देश के उन वीरों को याद किया, जिन्होंने दक्षिण एशिया के नक्शे में बदलाव में निर्णायक भूमिका निभायी। जिसमें देश के राजनीतिक नेतृत्व की इच्छा शक्ति की भी बड़ी भूमिका थी, जिसने अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों के दबाव में न आकर करोड़ों बांग्लादेशियों को इतिहास के सबसे काले दौर से बाहर निकाला। यही वजह है कि दक्षिण एशिया में भारत, बांग्लादेश का सबसे करीबी साझेदार है। बांग्लादेश की मुक्ति के लिये भारतीय सेना ने मुक्ति वाहिनी से मिलकर निर्णायक संघर्ष किया। यह भारत की कुशल रणनीति और युद्ध कौशल का ही परिणाम था कि पूर्वी पाकिस्तान पर पाक सेना को नेस्तनाबूद करने के लिए चौतरफा हमला बोला गया। पूर्वी कमान के नायक ले. जन. जेएस अरोड़ा के नेतृत्व में भारतीय सेना ने बांग्लादेश को महज बारह दिन के युद्ध में स्वतंत्र करा दिया। जिसका परिणाम था कि पाक के त्रिनावे हजार सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा। इसके बावजूद कि अमेरिकी नौसेना का सबसे घातक सातवां बेड़ा बंगाल की खाड़ी की ओर चल दिया था। सदाबहार मित्र रूस ने शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। भारत के प्रयासों का ही फल है कि आज बांग्लादेश दक्षिण एशिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बन चुका है। आज बांग्लादेश उससे पांच गुना बड़े पाकिस्तान को पीछे छोड़कर हर क्षेत्र में अग्रणी बन चुका है। उसके पास पाक से कई गुना बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। विकास की वृद्धि दर के मामले में वह भारत से भी आगे रहा है। बांग्लादेश की सैकड़ों कंपनियां अरबों डालर का निर्यात कर रही हैं। कपड़ा उद्योग में यह देश अपने स्वर्णिम सफर में कई बड़े देशों को चुनौती दे रहा है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में इस देश ने जहां विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं, वहीं धार्मिक सहिष्णुता कायम करने के सार्थक प्रयास भी किये हैं। निस्संदेह, सशक्त व समृद्ध बांग्लादेश भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप ही है।

# उत्तर प्रदेश, बिहार समेत देश के नौ राज्यों में एनएचपीसी 27,000 मेगावाट की नई परियोजनाएं लगाएगी



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएचपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अभय कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी ने नौ राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल में 27,000 मेगावाट से अधिक की नई पनबिजली तथा सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में नई क्षमताएं जोड़ी जाएंगी।

सिंह ने कहा कि एनएचपीसी इन परियोजनाओं में रुचि दिखाने वाले कुछ राज्यों के साथ बातचीत कर रही है, जबकि दूसरे राज्यों के साथ भी इस संदर्भ में चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि नेपाल ने एनएचपीसी के साथ संयुक्त उद्यम मं जलविद्युत परियोजनाओं में दिलचस्पी दिखाई है। सिंह ने हाल में नेपाल की यात्रा के दौरान पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी।

इन परियोजनाओं के लिए धन की उपलब्धता के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, फिलहाल एनएचपीसी को 10,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करने में कोई समस्या नहीं होगी। हम लगभग 3,500 करोड़ रुपये के लाभ में हैं और यह आगे बढ़कर 5,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। इससे हमें अपना पूंजीगत खर्च बढ़ाकर 13,000 करोड़ रुपये करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि खासतौर से पूर्वोत्तर में एनएचपीसी की कुछ परियोजनाएं लंबे समय से रुकी हुई थीं, जिन्हें फिर से शुरू करने के प्रयास किए गए हैं। कंपनी असम और अरुणाचल प्रदेश में 2,000 मेगावाट की सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना पर अच्छी प्रगति कर रही है।

दिबांग में भी सभी बाधाएं खत्म हो गई हैं और 2,880 मेगावाट की बांध परियोजना जल्द ही शुरू हो जाएगी। सिंह ने कहा कि एनएचपीसी इस समय में कुल 6,000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं पर काम कर रही है और 9,000-10,000 मेगावाट की अन्य परियोजनाओं की तैयारी चल रही है।

# क्रिप्टोकरेंसी से हुई जोरदार कमाई, एक ही साल में निवेशकों ने लगा डाले रिकॉर्ड-तोड़ पैसे

**नई दिल्ली।** 2021 में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश लोगो की टॉप प्रायोरिटी रहा है। एलन मस्क भी इसको लेकर पूरे साल चर्चा में बने रहे। इस साल वेंचर कैपिटल फंड ने क्रिप्टो में लगभग 30 बिलियन डॉलर का निवेश किया। एक साल का यह निवेश पिछले सभी वर्षो के निवेश की तुलना में अधिक है। पिचबुक डेटा के आंकड़ों के अनुसार, यह 2018 में लगभग 8 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ था, उसके मुकाबले इस साल का निवेश करीब चार गुना है।

**निवेश के नए विकल्प**-इस पर सैन फ्रांसिस्को की ब्लॉकचैन कैपिटल में जनरल पार्टनर स्पेंसर बोगार्ट का कहना है,हम डिजिटल गोल्ड से आगे बढ़ चुके हैं। एनएफटी, वेब 3.0, डेन्ट्रलाइज़्ड सोशल मीडिया, प्ले-टू-अर्न जैसी वित्तीय सेवाएं हैं। इन सभी ने निवेशकों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया की उनके पास पास पर्याप्त एक्सपोजर नहीं है। निवेश के नए विकल्प के कारन निवेशक भी इन सभी में तेज़ी से पैसे लगा रहे हैं। 2013 में शुरू होने के बाद से ब्लॉकचैन कैपिटल ने 120 से अधिक कंपनियों को फाइनेंस किया है।

# किदांबी श्रीकांत का खिताब जीतने का सपना टूटा, सिल्वर मेडल से करना पड़ा संतोष



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का बीडब्लूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने का सपना टूट गया। उन्हें मेंस सिंगल्स के फाइनल में सिंगापुर के कीन येव लोह ने हराकर गोल्ड मेडल जीता। किदांबी को फाइनल में 15-21, 20-22 से हराया। श्रीकांत को सिल्वर मेडल से संतोश करना पड़ा।

श्रीकांत ने इससे पहले, सेमीफाइनल में हमवतन लक्ष्य सेन को 17-21, 21-14, 21-17 से मात देते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। दोनों के बीच यह मुकाबला लगभग 69 मिनट तक चला था। किदांबी श्रीकांत फाइनल तक पहुंचने वाले भारत के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे।

# प्रधानमंत्री से मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों ने मुलाकात की



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने 20 दिसंबर, 2021 को मुलाकात की। मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्री भारत-मध्य एशिया संवाद की तीसरी बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा पर हैं।

मध्य एशियाई देशों के विदेश मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने-अपने राष्ट्रपति के अभिवादन से अवगत कराया तथा भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके नेतृत्व के उत्साह को रेखांकित किया। विदेश मंत्रियों ने 18-19 दिसंबर 2021 को भारतीय विदेश मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित भारत-मध्य एशिया संवाद में हुए विचार-विमर्श के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी दी, जिसमें अफगानिस्तान की स्थिति समेत व्यापार और कनेक्टिविटी, विकास साझेदारी तथा क्षेत्रीय विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत मध्य एशियाई देशों के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों को बहुत महत्व देता है और इन देशों को अपने विस्तारित पड़ोस का हिस्सा मानता है। उन्होंने मंत्रियों को इस वर्ष स्वतंत्रता की 30वीं वर्षगांठ पर बधाई दी। उन्होंने 2015 में सभी मध्य एशियाई देशों और बाद में कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की अपनी यादगार यात्राओं को स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र में भारतीय फिल्मों, संगीत, योग आदि की लोकप्रियता को देखते हुए भारत और मध्य एशिया के बीच सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संपर्क बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत और मध्य एशिया के बीच बढ़े हुए आर्थिक सहयोग की संभावना और इस संबंध में कनेक्टिविटी की भूमिका को भी रेखांकित किया।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दर्शकों के बिना होगा बॉक्सिंग डे टेस्ट : रिपोर्ट

**जोहानिसबर्ग।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 26 दिसंबर से शुरू हो रहा पहला टेस्ट दर्शकों के बिना खेला जाएगा, क्योंकि कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट के प्रसार के कारण मेजबान क्रिकेट बोर्ड टिकट नहीं बेच रहा है। कोरोना पाबंदियों के चलते सरकार ने 2000 फैन्स को ही प्रवेश की परमिशन दी है, जिसके कारण कुछ खास लोग ही स्टेडियम में मैच देख सकेंगे।अभी तक तीन जनवरी से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के टिकटों की बिक्री भी नहीं हो रही है। स्टेडियम के ट्विटर अकाउंट पर कहा गया, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे टेस्ट के टिकटों की बिक्री को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई है। अभी स्पष्ट नहीं है कि दर्शकों को प्रवेश दिया जाएगा या नहीं। समय आने पर घोषणा की जाएगी। दक्षिण अफ्रीका में पिछले कुछ समय से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हैं। इसके चलते घरेलू टूर्नामेंट चार दिवसीय फ्रेंचाइजी सीरीज के बाकी मैच स्थगित कर दिए गए। यह मैच 16 से 19 दिसंबर (डिवीजन दो) और 19 से 22 दिसंबर (डिवीजन एक) के बीच होने वाले थे। भारतीय टीम 16 दिसंबर को यहां पहुंचने के बाद से रिसॉर्ट में रुकी है जो पूरा उसके लिए बुक है। तीसरा टेस्ट 11 जनवरी से केपटाउन में होगा। भारत को साउथ अफ्रीका दौरे में तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के अलावा तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है।

# रांची की रहने वाली अदिति को गूगल का सबसे बड़ा पैकेज ऑफर , 60 लाख रूपये का जॉब ऑफर मिला




**रांची (आरएनएस)।** एनआईटी जमशेदपुर की अदिति कुमारी को गूगल ने 60 लाख रुपये का जॉब ऑफर किया है.फिलहाल अदिति एनआईटी में इलेक्ट्रिकल की 2019 बैच की छात्रा है औय वह 2023 में पासआउट होंगी.इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने से पहले ही अदिति को गूगल का प्री प्लेसमेंट ऑफर मिल गया जिसे उन्होंने स्वीकार लिया.चूंकि अदिति अभी पासआउट नहीं हुई हैं इसलिए पहले उन्हें गूगल में समर इंटर्नशिप करना होगा.अगले साल मई महीने से वह गूगल को बतौर इंटर्न ज्वाइन करेंगी.इसके बाद उन्हें रेगुलर जॉब गूगल में ज्वाइन करना है.एनआईटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रोफेसर इंचार्ज ए.के चौधरी ने बताया कि 2023 में पासआउट होने वाले 80 विद्यार्थियों का पीपीओ पहले ही मिल चुका है.इन विद्यार्थियों में अदिति कुमारी का नाम सबसे ऊपर है.अदिति को गूगल ने सेलेक्ट किया है.अदिति रांची स्थित हटिया की रहने वाली हैं. उनके पिता मनोज कुमार व्यवसायी हैं.बीपीएस रांची में 12वीं तक की पढ़ाई करने वाली अदिति को इंटर्नशिप के क्रम में ही डेढ़ लाख का मासिक पैकेज दिया जाएगा.

## आज का राशिफल

मेष: आज आपको कई दिक्कतों और मतभेदों का सामना करना पड़ सकता है, जिस वजह से आप झुंझलाहट और बेचैनी महसूस करेंगे।

वृष: विश्वास कीजिए कि खुद पर यक़ीन ही बहादुरी की असली परख है। आपके आकर्षण और व्यक्ति त्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे।

मिथुन: अपने परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों पर ध्यान देना आज आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आप जीवनसाथी को समझने में आपसे ग़लती हो सकती है।

कर्क: आज के दिन आराम करना ज़रूरी साबित होगा, क्योंकि आप हाल ही के दिनों में भारी मानसिक दबाव से गुज़रे हैं।

सिंह: अपने जीवनसाथी के साथ पारिवारिक समस्याओं को साझा करें। एक-दूसरे को फिर से भली-भांति जानने के लिए थोड़ा और वक़्त एक-दूसरे के साथ बिताएं।

कन्या: शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग फ़ायदेमंद साबित होंगे। आपके माता-पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है।

तुला: ख़ुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएं। मानसिक शांति के लिए आपकी ख़ाली बैठने की आदत ख़तरनाक साबित हो सकती है।

वृश्चिक: आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवनशैली में बदलाव लाने का सही समय है।


धनु: आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाज़े खोलेंगी।

मकर: अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सबकुछ इसी के माध्यम से आता है।

कुंभ: शाम का वक़्त अपने जीवनसाथी के साथ किसी फ़िल्म, थिएटर या रेस्तरां में बिताना आपको सुकून देगा और आपका मन तरोताज़ा रखेगा।

मीन: किसी दोस्त की ज्योतिषीय सलाह आपकी सेहत के लिए काफ़ी उपयोगी रहेगी। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीज़ें दिलाएगी।

# दक्षिण की चार भाषाओं में ब्रह्मास्त्र पेश करेंगे एस एस राजामौली



प्रसिद्ध फिल्ममेकर-निर्माता एस.एस. राजामौली दुनिया भर में अयान मुखर्जी की महाकाव्य फंतासी ब्रह्मास्त्र को चार दक्षिणी भाषाओं-तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में पेश करेंगे।

इससे पहले, करण जौहर ने राजामौली की बाहुबली को देशभर के व्यापक बाजारों में प्रस्तुत किया था। इस इशारे पर प्रतिक्रिया देते हुए कि राजामौली ने दक्षिणी क्षेत्र में फिल्म तक पहुंचने में मदद करने की जिम्मेदारी ली है।

राजामौली ने कहा, मैं वास्तव में चार दक्षिण भाषाओं में दुनिया भर के दर्शकों के लिए ब्रह्मास्त्र पेश करने के लिए खुश हूं। ब्रह्मास्त्र की कहानी अच्छी है, जो इसकी कहानी और प्रस्तुति में परिलक्षित होती है। कई मायनों में यह मुझे बाहुबली की याद दिलाती है, जिसमें प्यार और जुनून का मेहनत शामिल हैं। मैंने अयान को ब्रह्मास्त्र बनाने में समय लगाते देखा है। ठीक ऐसा ही मैंने बाहुबली के लिए किया था।

उन्होंने आगे कहा, फिल्म पूरी तरह से आधुनिक तकनीक के साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति के विषयों से मेल खाती है ।

नागार्जुन अक्किनेनी ने कहा, अयान और ब्रह्मास्त्र की बेहद प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। उन्होंने कहा, प्राचीन और आधुनिक भारत के इस संयोजन ने मुझे रोमांचित किया। श्री राजामौली को बोर्ड पर रखना सभी के लिए एक बड़ा सम्मान है। हम 2022 में अपने प्रशंसकों के लिए फिल्म पेश करने के लिए उत्सुक हैं।

# 'कुंडली भाग्य' की ऐक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव करने वाली हैं शादी



टीवी ऐक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव पिछले काफी समय से फूड ऐंड ट्रैवल फटॉग्रफर कपिल तेजवानी को डेट कर रही हैं। अब यह कपल अगले महीने शादी करने की तैयारी कर रहा है। पहले कहा जा रहा था कि यह कपल 2022 की जनवरी के बीच में कभी शादी के बंधन में बंध सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इनकी शादी 22 जनवरी को होने जा रही है। 'कुंडली भाग्य' ऐक्ट्रेस मानसी के एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि उनकी शादी की रस्में 21 जनवरी से शुरू हो जाएगी। मानसी ने पहले ही शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मानसी और कपिल की यह शादी मुंबई में ही होगी। इससे पहले नवबंर के महीने में सूत्रों ने मानसी की शादी और उनकी पूरी लव स्टोरी के बारे में बताया था। एक सूत्र ने बताया था, 'मानसी और कपिल की मुलाकात सालों पहले एक कमर्शल शूट के दौरान हुई थी लेकिन दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं रहा।

## हेल्दी एंड टेस्टी- पनीर कबाब



दिवाली मिलन में मिठाइयों से न हो जाएं मेहमान बोर ऐसे में उनके लिए कुछ नमकीन स्नैक्स का भी अरेंजमेंट करें जिसके लिए पनीर के कबाब हैं एकदम बेस्ट। हेल्थ भी टेस्ट भी।

### सामग्री :

पनीर- 200 ग्राम, आलू- 4 (उबले और मैश किए हुए), अदरक कद्दूकस किया- 1/4 कप, हरी मिर्च का पेस्ट- 1.5 टीस्पून, पुदीने के पत्ते- 2 टेबलस्पून, धनिया पत्ती- 1/4 कप, भुना जीरा पाउडर- 1/2 टीस्पून, चाट मसाला- 1 टीस्पून, गरम मसाला पाउडर- 1/2 टीस्पून, ब्रेड क्रम्ब्स- 1/4 कप, कॉर्नफ्लोर- 1 1/2 टीस्पून, नमक और काली मिर्च- स्वादानुसार, तेल- फ्राई करने के लिए

### विधि :

- एक बड़े बाउल में मैश किए हुए आलू और कद्दूकस किया पनीर डालें।
- इसके साथ ही इसमें बाकी सभी सामग्री को मिक्स कर दें।
- अच्छे से हाथों से मिक्स करें।
- अब इस मिक्सचर से छोटे-छोटे साइज के मनचारे शेप के कबाब तैयार करें।
- बाकी मिक्सचर से भी कबाब तैयार कर लेंगे।
- जब कबाब तैयार हो जाएं तो नॉन स्टिक पैन में तेल गर्म करें। आप इसे दो तरीकों से बना सकती हैं।
- पहला डीप फ्राई करके. दूसरा शैलो फ्राई करके।
- सुनहरा होने तक इन्हें फ्राई कर लें।
- इसके बाद इन्हें टिश्यू पेपर पर रखकर हल्का दबाएं जिससे एक्स्ट्रा तेल निकल जाए।
- तैयार है मेहमानों को नमकीन में सर्व करने के लिए पनीर के कबाब।


## शब्द सामर्थ्य- 295

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 294 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू-दोकू- 295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.294 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |